उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन

राजकीय आई0टी0आई0 परिसर अलीगंज, लखनऊ

संख्याः 2938 / उ0प्र0कौ0वि0मि0 / टी0पी0पी0 / 2020–21 / 2066
दिनांक : 08 जनवरी, 2022

कार्यालय ज्ञाप

राज्य संचालन समिति की बैठक दिनांक 30.03.2021 में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित विभिन्न कौशल प्रशिक्षण योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु लक्ष्यों का निर्धारण किया गया था।

समिति द्वारा निर्धारित लक्ष्यों में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके आश्रितजनों के कौशल प्रशिक्षण हेतु बीओसीडब्लू की निधियों से 01.00 लाख लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया जाना सुनिश्चित करे।

उक्त लक्ष्य के सापेक्ष बीओसीडब्लू बोर्ड से अपेक्षित धनराशि प्राप्त न होने के कारण कार्यालयादेश संख्या–2141 / उ.प्र.कौ.वि.मि. / 2021–22 / टी.पी.पी. दिनांक 22 अक्टूबर, 2021 द्वारा बीओसीडब्लू योजना तथा एससीएटूएससीएसपी योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्यों के मात्राकरण को अग्रिम आदेशों तक शिथिल किये जाने के निर्देश जारी किये गये थे।

वित्तीय वर्ष की समाप्ति सन्निकट होने के कारण लक्ष्यों की पूर्ति को सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न प्रशिक्षण प्रदाताओं को निम्नलिखित कार्यालय ज्ञाप के माध्यम से बीओसीडब्लू योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्यों को एसएसडीएफ योजना के अन्तर्गत समाहित करने का निर्णय लिया गया है:–

1. 712 / कौ0वि0मि0 / टी0पी0पी0 / 2009 / 2020–21 दिनांक 15 जुलाई, 2021
2. 1770 / कौ0वि0मि0 / टी0पी0पी0 / 2009 / 2020–21 दिनांक 27 सितम्बर, 2021
3. 1898 / कौ0वि0मि0 / टी0पी0पी0 / 2009 / 2020–21 दिनांक 01 अक्टूबर, 2021
4. 2035 / कौ0वि0मि0 / टी0पी0पी0 / 2009 / 2020–21 दिनांक 13 अक्टूबर, 2021

उक्त आदेशों के फलस्वरूप बीओसीडब्लू योजनान्तर्गत आवंटित किये गये लक्ष्यों का आवंटन एसएसडीएफ के अन्तर्गत समझा जाएगा।

(आन्द्रा वामसी)
मिशन निदेशक

संख्याः / उ0प्र0कौ0वि0मि0 / टी0पी0पी0 / 2020–21 / 2066 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

3. समस्त जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन।
4. समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी, उ.प्र. कौशल विकास मिशन।
5. सहायक प्रबंधक (आई.टी.) को पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
6. समस्त आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता, उ.प्र. कौशल विकास मिशन।
7. गार्ड फाइल।

(आन्द्रा वामसी)
मिशन निदेशक